सेल SAIL

इंटीग्रिटी पैक्ट (आई. पी.)

इंटीग्रिटी पैक्ट ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (टी आई), अंतराष्ट्रीय एन जी ओ द्वारा विकसित एक ऐसा साधन है जिसका लक्ष्य है सार्वजनिक संविदा में भ्रष्टाचार को रोकना । इंटीग्रिटी पैक्ट सार्वजनिक संविदा के लिए प्रिंसिपल एवं बोलीकर्ताओं (bidders) के बीच एक समझौता है, जो सभी पक्षों को नैतिक कार्य-व्यवहार के लिए बाध्य करता है । इसमें अधिकार एवं दायित्व दोनों होते हैं जिससे सभी पक्ष अपने कार्य- व्यवहार में पारदर्शी होंगे, कोई भी पक्ष न रिश्वत देगा, न रिश्वत का प्रस्ताव देगा, न रिश्वत की माँग करेगा, न रिश्वत स्वीकार करेगा और न ही ठेका प्राप्त करने के लिए बोलीकर्ता अपने प्रतिस्पर्धियों से साँठ-गाँठ करेगा, इत्यादि ।

इस इंटीग्रिटी पैक्ट को अपनाने में सेल अग्रणी कम्पनियों में से एक था और इस समय यह पैक्ट 20 करोड़ रूपये एवं इससे ऊपर के मूल्य की सभी निविदाओं, संविदाओं, लम्बी अवधि वाले समझौतों और सेल-सीएमओ के Departmental warehouses के सभी हैंडलिंग कॉन्ट्रैक्ट का एक अभिन्न अंग है ।

इंटीग्रिटी पैक्ट की मॉनिटरिंग के लिए, सेल ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के अनुमोदन से निम्नलिखित प्रमुख व्यक्तित्व को स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर (आईईएम) के रूप में नियुक्त किया है:

सुश्री आराधना जौहरी - आई ए एस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव (भारत सरकार)
ईमेल: johri.aradhana@gmail.com

श्री अरुण कुमार शर्मा, पूर्व निदेशक (वित्त), आई ओ सी एल
ईमेल: sharmaak6@gmail.com

श्री प्रवीण सिन्हा – आई पी एस (सेवानिवृत्त), पूर्व विशेष निदेशक (सी बी आई)
ईमेल: sinhaprav@yahoo.co.in

इन आई ई एम का कार्य है कि वे स्वतंत्र रूप से एवं निष्पक्ष दृष्टि से यह समीक्षा करें कि इस समझौते के अंतर्गत दिए गए दायित्वों का पार्टियाँ कहाँ तक और कितना पालन करती हैं ।

जिन निविदाओं के मामले में इंटीग्रिटी पैक्ट शामिल होता है, वहाँ सेल बोलीकर्ताओं को पहले से ही विधिवत हस्ताक्षरित आई पी भेज देता है । बोलीकर्ताओं को उस पैक्ट पर हस्ताक्षर करके उसे अपनी बोलियों के साथ प्रस्तुत करना होता है । विधिवत हस्ताक्षरित आई पी के बिना प्राप्त बोलियाँ अस्वीकृत कर दी जाती हैं । इंटीग्रिटी पैक्ट के तहत आने वाली सभी निविदाओं में सभी आई ई एम के नाम एवं ईमेल का उल्लेख किया जाता है ।

बोलीकर्ताओं को यदि कोई शिकायत हो तो वे निविदा से संबधित सक्षम प्राधिकारी/प्रचालन अधिकारी, सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी अथवा सेल के आई ई एम से संपर्क कर सकते हैं।आई ई एम से इंटीग्रिटी पैक्ट सचिवालय (sail.ip.secretariat@sail.in), 16वाँ तल, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली -110092 के द्वारा भी संपर्क किया जा सकता है ।सेल का आई. पी. www.sailtenders.co.in/Standard Documents) में उपलब्ध है ।